**एस0एस0 रसाइली, निदेशक/वन संरक्षक नन्दादेवी बायोस्फीयर रिजर्व, गोपेश्वर द्वारा दिनांक 08.01.2015 को जनपद चमोली के अन्तर्गत विकास खण्ड कर्णप्रयाग में प्रस्तावित गौचर से डमडमा मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.97है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर निरीक्षण आख्या –**

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग का निरीक्षण प्रस्तावक विभाग तथा वन विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में दिनांक 08.01.2015 को स्थल कोऑर्डिनेट N30°14'48"E79°06'42" से किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री आकाश कुमार वर्मा उप–वन संरक्षक केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग गोपेश्वर, श्री सुरेन्द्र लाल एस0डी0ओ0 एवं वन क्षेत्राधिकारी श्री रविन्द्र कुमार निराला, श्री नरेन्द्र सिंह अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लो0नि0वि0 कर्णप्रयाग एवं श्री जी0बी0 जोशी सहायक अभियन्ता साथ में रहे। निरीक्षण के दौरान गौचर–डमडमा मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित संरेखन में बाँज प्रजाति के 334वृक्ष एवं अन्य प्रजातियों के 603वृक्षों सहित कुल 937वृक्ष प्रभावित होना पाया गया। वृक्षों की सूची प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या 77–79 में संलग्न हैं।

प्रस्तावित मोटर मार्ग का अन्तिम संरेखन के अतिरिक्त वैकल्पिक संरेखन पर प्रस्तावक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा वन विभाग के सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारियों के साथ विचार–विमर्श किया गया। वैकल्पिक संरेखन में अधिक वृक्ष प्रभावित होने के साथ–साथ कई गांव सड़क सम्पर्क से छूटने की सम्भावना के मद्देनजर अन्तिम संरेखन को ही उपयुक्त पाया गया।

उक्त बिन्दुओं के आलोक में प्रस्तावित मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण के प्रस्ताव को निम्न प्रतिबन्ध के साथ संस्तुति की जाती है –

i) मोटर मार्ग निर्माण में उत्सर्जित मलवा को किसी भी स्थिति में नाले/गधेरे में नहीं डाला जाय, बल्कि प्रस्ताव में दिये गये मक डिस्पोजल साइट पर ही डाला जाय।

ii) मार्ग निर्माण के दौरान यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि चिन्हित वृक्ष के अतिरिक्त अन्य वृक्ष किसी प्रकार से क्षतिग्रस्त/कुप्रभावित न होने पावे।

iii) मार्ग निर्माण हेतु नियुक्त किये गये श्रमिकों पर सख्त नियन्त्रण रखा जाय, ताकि वो किसी भी वन अपराध जैसे अवैध शिकार, वनाग्नि इत्यादि में संलिप्त न होने पायें।

iv) क्षेत्र वनाग्नि के दृष्टिकोण से अति संवेदनशील होने के कारण क्षेत्र में वनाग्नि दुर्घटना घटित होने पर प्रस्तावक विभाग द्वारा वन विभाग को हरसम्भव सहयोग किया जायेगा।

08/01/15

(एस0एस0 रसाइली)
निदेशक/वन संरक्षक
नन्दादेवी वायोस्फीयर रिजर्व
गोपेश्वर

**कार्यालय निदेशक/वन संरक्षक नन्दादेवी वायोस्फीयर रिजर्व गोपेश्वर**

पत्रांक 1779 /12-1 गोपश्वर दिनांक 17 जनवरी 2015

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, भूमि संरक्षण निदेशालय, इन्द्रानगर देहरादून।
2. अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 लो0नि0वि0 खण्ड कर्णप्रयाग।
3. जिलाधिकारी चमोली।
4. प्रभागीय वनाधिकारी, केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग गोपेश्वर।

08/01/15

(एस0एस0 रसाइली)
निदेशक/वन संरक्षक
नन्दादेवी वायोस्फीयर रिजर्व
गोपेश्वर